
पंजाब केसरी
TUE, 17 NOVEMBER 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 4

स्कूल 25 नवम्बर तक सुधार सकेंगे जमा एक और दो के विद्यार्थियों के पंजीकरण की त्रुटियां

धर्मशाला, 16 नवम्बर (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत जमा एक और जमा दो के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण मे त्रुटि यां सुधारने के लिए



स्कूलों को 25 नवम्बर तक का अतिरिक्त अवसर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि संशोधन के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोल दिया गया है, जो 25 नवम्बर तक उपलब्ध रहेगा। इस दौरान विद्यालय विद्यार्थियों के नाम, माता-पिता के नाम, जन्मतिथि, लिंग, श्रेणी और विषयों से संबंधित गलतियों को ठीक कर सकेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सुविधा केवल विद्यालयों के माध्यम से उपलब्ध होगी तथा सभी संशोधन मैट्रिक परीक्षा के अभिलेखों के आधार पर ही किए जाएंगे। बोर्ड अध्यक्ष ने स्कूल प्रधानाचार्यों और संस्थान प्रमुखों से निर्धारित समयसीमा के भीतर विद्यार्थियों के रिकॉर्ड का मिलान कर त्रुटि यां दुरुस्त करने का आग्रह किया, ताकि भविष्य मे परीक्षा और प्रमाण पत्र संबंधी परेशानियों से बचा जा सके।

Amar Ujala
Dt.17-11-2026

विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में स्कूल आज से कर सकेंगे सुधार

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जमा एक और जमा दो के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में संशोधन के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोलने का निर्णय लिया है। विद्यालय 17 से 25 नवंबर तक विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में दर्ज त्रुटियों को ठीक कर सकेंगे। इसके लिए बोर्ड की ओर से नौ दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों के नाम, पिता और माता के नाम, लिंग, जन्मतिथि, श्रेणी और विषयों से संबंधित विवरण में संशोधन किया जा सकेगा। संशोधन केवल संबंधित विद्यालयों के माध्यम से बोर्ड के पोर्टल पर निर्धारित अवधि में ही किए जाएंगे। ब्यूरो

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

जमा दो कक्षा के विद्यार्थियों के पंजीकरण में संशोधन के लिए 17 से खुलेगा पोर्टल

सवेरा न्यूज/ब्यूरो

धर्मशालाः हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा जमा एक एवं जमा दो के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में आवश्यक संशोधन करने हेतु ऑनलाइन पोर्टल 17 नवंबर, 2026 से 25 नवंबर, 2026 तक उपलब्ध रहेगा। डॉ. शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना के क्रम में अब कक्षा जमा एक एवं जमा दो के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में संशोधन की सुविधा भी संबंधित विद्यालयों को प्रदान की जा रही है। इसके अंतर्गत विद्यालय विद्यार्थियों के नाम, पिता का नाम, माता का नाम, लिंग, जन्मतिथि, श्रेणी एवं विषयों से संबंधित विवरण में आवश्यक संशोधन कर सकेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त संशोधन केवल संबंधित विद्यालयों के माध्यम से बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल पर निर्धारित अवधि के दौरान ही किए जा सकेंगे। सभी विद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण का सावधानीपूर्वक मिलान करें तथा यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो निर्धारित समयावधि के भीतर आवश्यक संशोधन करना सुनिश्चित करें। संशोधन मैट्रिक परीक्षा के अभिलेख के आधार पर किए जाएंगे। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं संस्थान प्रमुखों से आग्रह किया कि वे इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयसीमा का विशेष ध्यान रखें, ताकि विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि शेष न रहे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संबंधित विद्यालय बोर्ड मुख्यालय के दूरभाष नंबर 01892-242139 (मंडी, लाहौल-स्पीति), 242140 (कांगड़ा), 242141 (शिमला, किन्नौर, हमीरपुर), 242142 (चंबा, बिलासपुर, कुल्लू) तथा 242150 (ऊना, सोलन, सिरमौर) पर कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं।



Dainik Jagran
Dt.17-11-2026

विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में संशोधन के लिए 17 से खुलेगा पोर्टल

जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा जमा एक एवं जमा दो के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में आवश्यक संशोधन करने के लिए आनलाइन पोर्टल 17 नवंबर से 25 नवंबर तक उपलब्ध रहेगा। डा. शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना के क्रम में अब कक्षा जमा एक एवं जमा दो के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में संशोधन की सुविधा भी संबंधित विद्यालयों को प्रदान की जा रही है। इसके अंतर्गत विद्यालय विद्यार्थियों के नाम, पिता का नाम, माता का नाम, लिंग, जन्मतिथि, श्रेणी एवं विषयों से संबंधित विवरण में आवश्यक संशोधन कर सकेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त संशोधन केवल संबंधित विद्यालयों के माध्यम से बोर्ड के आनलाइन पोर्टल पर निर्धारित अवधि के दौरान ही किए जा सकेंगे। सभी विद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण का सावधानीपूर्वक मिलान करें तथा यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो निर्धारित समयावधि के भीतर आवश्यक संशोधन करना सुनिश्चित करें। संशोधन मैट्रिक परीक्षा के अभिलेख के आधार पर किए जाएंगे। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं संस्थान प्रमुखों से आग्रह किया कि वे इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयसीमा का विशेष ध्यान रखें, ताकि विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि शेष न रहे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संबंधित विद्यालय बोर्ड मुख्यालय के दूरभाष नंबर 01892-242139 (मंडी, लाहौल-स्पीति), 242140 (कांगड़ा), 242141 (शिमला, किन्नौर, हमीरपुर), 242142 (चंबा, बिलासपुर, कुल्लू) तथा 242150 (ऊना, सोलन, सिरमौर) पर कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं।

Himachal Dastak Dt. 17-11-2026

11वीं-12वीं के पंजीकरण में संशोधन का मौका, आज से खुलेगा पोर्टल

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जमा एक और जमा दो के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में संशोधन की सुविधा देने का निर्णय लिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल 17 से 25 नवंबर तक खुला रहेगा। इस दौरान विद्यालय विद्यार्थियों के नाम, माता-पिता के नाम, जन्मतिथि, लिंग, श्रेणी और विषयों से संबंधित जानकारियों में सुधार कर सकेंगे। संशोधन मैट्रिक परीक्षा के अभिलेखों के आधार पर ही होंगे। यह सुविधा केवल संबंधित विद्यालयों के माध्यम से उपलब्ध रहेगी। बोर्ड ने सभी विद्यालय प्रमुखों से निर्धारित समय में विवरण जांचकर त्रुटियां ठीक करने के निर्देश दिए हैं।

Bhartendu Sikhar

Dt.17-11-2026

जमा एक और जमा दो के पंजीकरण में संशोधन के लिए पोर्टल 17 नवंबर से खुलेगा

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जमा एक और जमा दो के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में संशोधन की सुविधा प्रदान की है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन पोर्टल 17 से 25 नवंबर तक खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों के नाम, माता-पिता के नाम, लिंग, जन्मतिथि, श्रेणी और विषयों से संबंधित त्रुटियों में सुधार कर सकेंगे। संशोधन केवल संबंधित विद्यालयों के माध्यम से ऑनलाइन किए जाएंगे। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी प्रधानाचार्यों और संस्थान प्रमुखों से निर्धारित समय में विवरण जांचकर आवश्यक सुधार करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि संशोधन मैट्रिक परीक्षा के अभिलेखों के आधार पर होंगे। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय बोर्ड कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
पहली नजर
आज की ताजा खबर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज पेपर पहली नजर के साथ
16 नवंबर, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com

जमा दो कक्षा के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में संशोधन के लिए 17 नवंबर से खुलेगा पोर्टल

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला


हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा जमा एक एवं जमा दो के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में आवश्यक संशोधन करने हेतु ऑनलाइन पोर्टल 17 नवंबर, 2026 से 25 नवंबर, 2026 तक उपलब्ध रहेगा।

डॉ. शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना के क्रम में अब कक्षा जमा एक एवं जमा दो के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में संशोधन की सुविधा भी संबंधित विद्यालयों को प्रदान की जा रही है। इसके अंतर्गत विद्यालय

मैट्रिक परीक्षा के अभिलेख के आधार पर किए जाएंगे संशोधन

विद्यार्थियों के नाम, पिता का नाम, माता का नाम, लिंग, जन्मतिथि, श्रेणी एवं विषयों से संबंधित विवरण में आवश्यक संशोधन कर सकेंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त संशोधन केवल संबंधित विद्यालयों के माध्यम से बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल पर निर्धारित अवधि के दौरान ही किए जा सकेंगे। सभी विद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण का सावधानीपूर्वक



मिलान करें तथा यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो निर्धारित समयावधि के भीतर आवश्यक संशोधन करना सुनिश्चित करें। संशोधन मैट्रिक परीक्षा के अभिलेख के आधार पर किए जाएंगे।

बोर्ड अध्यक्ष ने सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं संस्थान प्रमुखों से आग्रह किया कि वे इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयसीमा का विशेष ध्यान रखें, ताकि विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि शेष न रहे।

इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संबंधित विद्यालय बोर्ड मुख्यालय के दूरभाष नंबर 01892-242139 (मंडी, लाहौल-स्पीति), 242140 (कांगड़ा), 242141 (शिमला, किन्नौर, हमीरपुर), 242142 (चंबा, बिलासपुर, कुल्लू) तथा 242150 (ऊना, सोलन, सिरमौर) पर कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं।